जयपुर विकास प्राधिकरण प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए दो टीमों का किया गठन

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
SS-20-04-2020-5.docx (http://103.203.138.54/news/206057/document/SS-20-04-2020-5.docx)

DESCRIPTION

जयपुर विकास प्राधिकरण
प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए दो टीमों का किया गठन

जयपुर, 20 अप्रैल। जयपुर विकास आयुक्त श्री टी. रविकांत के निर्देश पर कोविड-19 से संक्रमित के संपर्क में आने वाले लोगों के बनाए गए क्वारनटिन सेंटर्स की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता एवं भोजन समय पर उपलब्ध कराने के लिए दो कमेटियों का गठन किया गया है।

श्री रविकांत ने निर्देश दिए है कि भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता के साथ भोजन समय पर उपलब्ध हो, इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग एवं जॉच के लिए दो कमेटियों का गठन किया गया है, जो भोजन व्यवस्था का नियमित रूप से जांच करेगी।

जगतपुरा क्षेत्र के लिए गठित में प्रभारी अधिकरी श्री विनोद कृष्णाया, अधिशाषी अभियंता-4 और दो सहायक श्री कैलाश चौधरी प्रवर्तन अधिकारी एवं श्री विष्णु कुमार पारीक कनिष्ठ अभियंता टीम में सदस्य होंगे।

अजमेर रोड क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकरी श्री सुभाष सैनी अधिशाषी अभियंता-4 और दो सहायक श्री अनिल शर्मा प्रवर्तन अधिकारी एवं श्री अंकुर गुप्ता कनिष्ठ अभियंता टीम में सदस्य होंगे।

SUPPORTING IMAGES